## एक नजर में



### उद्गम से संगम पर्यंत संपूर्ण शिप्रा प्रदक्षिणा यात्रा

**उज्जैन।** महामंडलेश्वर शैलेशानंद गिरिजी जूना अखाड़ा एवं महामंडलेश्वर ज्ञान दासजी निर्मोही अखाड़ा दादू दयाल आश्रम के मार्गदर्शन में त्रिशूल शिवगण वाहिनी द्वारा 2 नवंबर से प्रारंभ हुई उद्गम से संगम पर्यंत संपूर्ण शिप्रा प्रदक्षिणा यात्रा 5 नवम्बर को रामघाट पर एक दिया शिप्रा के नाम अभियान के साथ पूर्ण हुई। संतों के साथ रामघाट पर 5 हजार 100 दीप प्रज्जवलित कर मां शिप्रा की महाआरती की गई, मां शिप्रा को चुनरी अर्पण की गई। हजारों भक्तों की मौजूदगी में रामघाट पर सिंहस्थ सा वातावरण नजर आया। त्रिशूल शिवगण वाहिनी के संस्थापक आदित्य नागर पूर्व अपर आयुक्त नगर निगम एवं सुरेन्द्र चतुर्वेदी राष्ट्रीय अध्यक्ष ने बताया कि करीब 550 किलोमीटर लंबी यात्रा ने 5 नवम्बर को शिप्रा चम्बल संगम से महिदपुर, नारायणा धाम से उज्जैन में प्रवेश किया। चल समारोह के रूप में रामघाट आरती द्वार पहुंची यात्रा का अंगारेश्वर महादेव, सांदीपनि आश्रम, दानीगेट सहित विभिन्न स्थानों पर स्वागत हुआ। रामघाट पर आरती द्वार पर महामंडलेश्वर शांतिस्वरूपानंदजी, महामंडलेश्वर शैलेषानंदजी, महामंडलेश्वर ज्ञानदासजी, महंत मुनिशरण दासजी, महंत अनुपमराम स्नेही, महंत सेवानंदगिरीजी, अवधेशपुरीजी सहित उज्जैन के संत, महंत, महामंडलेश्वरों की मौजूदगी में शिप्रा पूजन, आरती, चुनरी समर्पण के उपरांत एक दिया शिप्रा के नाम अभियान की शुरुआत की गई। संतों ने उपस्थित भक्तों को अविरल शिप्रा के लिये संकल्प दिलाया। जनसमुदाय ने भी शपथ ली कि शिप्रा को स्वच्छ रखेंगे, जल प्रदूषित नहीं होने देंगे, शिप्रा अविरल बहती रहे इस हेतु हर संभव योगदान देंगे। इस दौरान हजारों लोगों ने रामघाट पर दीपदान कर भजनों का आनंद लिया, भाव विभोर होकर भक्त नाचे। आदित्य नागर एवं सुरेन्द्र चतुर्वेदी ने बताया कि 4 दिवसीय यात्रा में जिस तरह से लोगों में जागृति आई है उससे प्रतीत होता है शिप्रा को पुनर्जीवित करना कोई बड़ी बात नहीं, लोग बढ़ चढ़कर योगदान देने को तैयार हैं। लगातार 100 से अधिक यात्री 4 दिनों तक शिप्रा तट के गांवों में पहुंचे, लोगों को जागृत किया। शिप्रा प्रदक्षिणा का उद्देश्य पवित्र पावनी शिप्रा नदी को उसके पौराणिक स्वरुप में लौटाने और उसे निर्मल करने के लिए जनजागरण करना और आम नागरिकों को जल संवर्धन के प्रेरित करना था। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव द्वारा शिप्रा के लिए किये गए कार्यों को आगे बढ़ाया जाकर शासन को जनता का सहयोग दिलाना भी संस्था का उद्देश्य है।



### स्पेशल असिस्टेंट मद के कार्यों की समीक्षा

**उज्जैन।** बुधवार को सिंहस्थ मेला कार्यालय पर महापौर मुकेश टटवाल द्वारा निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा की उपस्थिति में सिंहस्थ एवं स्पेशल असिस्टेंट मद के कार्यों की समीक्षा की गई। समीक्षा बैठक में महापौर मुकेश टटवाल द्वारा अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि सिंहस्थ महापर्व को दृष्टिगत रखते हुए जितने भी चौड़ीकरण कार्य प्रचलित हैं एवं कार्य किए जाना है उनके लिए नगर निगम द्वारा स्पेशल दल गठित करते हुए टास्क के रूप में कार्य किया जाए। साथ ही जहां पर भी चौड़ीकरण का कार्य किया जा रहा है। वहां पर क्षेत्रीय पार्षद को अवगत करवाया जाए। ताकि क्षेत्रीय नागरिकों को विश्वास में लेकर कार्य किया जा सके, जहां पर चौड़ीकरण कार्य प्रचलित है। जिसमें पूर्ण रूप से भवन प्रभावित हो रहे हैं। उनके मुआवजे के लिए प्रकरण तत्काल रूप से बनाया जाए, जितना काम होता जा रहा है उसे पूर्ण करते हुए आगे बढ़े, कार्यों की गति बढ़ाई जाने हेतु मैनपॉवर एवं संसाधन बढ़ाएं जाने हेतु एजेंसी को पत्र जारी किया जाए ताकि कार्यों की गति बढ़ाते हुए शीघ्रता से संपन्न किया जा सके। आयुक्त अभिलाष मिश्रा ने बताया कि वर्तमान में कोयला फाटक से कंठाल चौराहा, वीडी क्लॉथ मार्केट से तेलीवाड़ा, खजूर वाली मस्जिद से जूना सोमवारिया तक चौड़ीकरण का कार्य प्रारंभ किया गया है। गदा पुलिया मंछामन होते हुए इंदौर रोड तक सीमेंट कांक्रीट एवं नाला निर्माण का कार्य, गऊघाट ज्ञान सागर अकादमी से कर्कराज टी तक सीमेंट कांक्रीट रोड, जंतर मंतर सॉलिटेयर होटल पाले से वाकणकर ब्रिज मार्ग होते हुए रिंग रोड तक सीमेंट कांक्रीट रोड, सांवेर रोड मुनि नगर तालाब के पास से सार्थक नगर होते हुए इंदौर रोड तक सीमेंट कांक्रीट रोड, कोठी रोड संकुल भवन से देवास रोड सड़क चौड़ीकरण कार्य तथा कोठी महल से विक्रम नगर तक रोड निर्माण, नक्षत्र होटल से पंचमुखी हनुमान मंदिर तक सीमेंट कांक्रीट रोड निर्माण का कार्य प्रचलित है। बैठक में लोक निर्माण समिति प्रभारी एवं एमआईसी सदस्य शिवेंद्र तिवारी, अपर आयुक्त पवन कुमार सिंह, अधीक्षण यंत्री संतोष गुप्ता, कार्यपालन यंत्री पीयूष भार्गव, पलाश शर्मा, सहायक यंत्री एवं उपयंत्री उपस्थित रहे।




### अनूठा निमंत्रण, मेहमानों दे रहे महाकाल की भस्म

**उज्जैन।** आजाद नगर निवासी गोयल परिवार ने तो एक अलग ही निमंत्रण पत्रिका बनवाई है। जिसके साथ वे महाकाल की भस्म भी मेहमानों को दे रहे हैं। कार्ड भी डमरू, त्रिशूल व रुद्राक्ष को लेकर प्रिंट करवाए गए है। जो कि आकर्षण का केंद्र बने हुए है। परिवार के प्रमुख सचिन गोयल ने बताया कि उनके परिवार के 10 लोगों ने मिलकर एक माह की मेहनत के बाद ये कार्ड तैयार किए है। खास बात यह है कि कार्ड पर मालवा की लोक परंपरा अनुसार मांडना भी उकेरे गए हैं। गोयल परिवार में पार्थ की शादी भोपाल की कोमल से 27 नवंबर को होने जा रही है। इसी शादी के ये कार्ड बांटे जा रहे हैं। एक कार्ड की लागत करीब 250 रुपए हैं।

### सजावट समिति की बैठक संपन्न

**उज्जैन।** कार्तिक मेला अंतर्गत मंगलवार को अस्थाई निर्माण एवं सजावट समिति की बैठक समिति संयोजक रामेश्वर दुबे की उपस्थिति में संपन्न हुई समिति में संयोजक ने निर्देशित किया कि कार्तिक मेले में विशेष रूप से साज सजावट की जाए इसके लिए कार्तिक मेले के प्रवेश द्वार पर भव्य रूप से स्वागत द्वार, शिप्रा नदी के बड़े पुल पर झंडे, लिग्गी, मेला क्षेत्र में रंगोली एवं मांडने से सजावट की जाए, मुख्यमंत्री के फ्लेक्स, होर्डिंग एवं जनप्रतिनिधियों के फ्लेक्स होर्डिंग लगाते हुए मेले को आकर्षक स्वरूप प्रदान करें, मेले में आने वाले नागरिकों के लिए एक सेल्फी प्वाइंट भी बनाया जाएगा। जिसमें मेले में आने वाले नागरिक कार्तिक मेले में सेल्फी पॉइंट पर सेल्फी ले सकेंगे। इस दौरान सहसंयोजक जितेंद्र कुवाल, दिलीप परमार, छोटेलाल मंडलोई, नोडल अधिकारी मनोज मौर्य, सह सचिव घनश्याम मचार, सहयोगी पीसी यादव, डीएस परिहार उपस्थित रहे।

# 4 पोकलेन, 4 जेसीबी, 40 कर्मी, 100 पुलिसकर्मी सुबह 8 बजे से जुटे और ढहा दिए 12 मकान

## महाकाल मार्ग चौड़ा करने की दिशा में बड़ा कदम, विकास प्राधिकरण ने बेगमबाग में की बड़ी कार्रवाई







**उज्जैन। हरि फाटक मार्ग पर बेगम बाग कॉलोनी बुधवार को विकास प्राधिकरण के निशाने पर एक बार फिर आ गई तीन प्लाटों पर बने 12 मकान को जमींदोज कर दिया गया इस दौरान 4 पोकलेन 4 जेसीबी एवं 50 कर्मचारियों की टीम के साथ लगभग 100 पुलिस बल मौके पर उपस्थित रहे।**

सुबह 8 से दोपहर कार्रवाई लगातार चलती रही, रात को उज्जैन कलेक्टर रोशन कुमार सिंह, नगर निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा, विकास प्राधिकरण के सीईओ संदीप सोनी बेगम बाग पहुंचे और अवलोकन किया। नवभारत से चर्चा में इस दौरान कलेक्टर रोशन कुमार सिंह ने बताया कि सिक्स लाइन सड़क और सिक्स लाइन ब्रिज यहां से गुजरेगा और मंदिर के मुख्य द्वार तक निर्माण होगा। बुधवार को जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन, नगर पालिका निगम एवं उज्जैन विकास प्राधिकरण के अधिकारियों, कर्मचारियों की उपस्थिति में उक्त तीन भूखण्ड पर पुन: प्रवेश कर कब्जा प्राप्त किया गया एवं तत्पश्चात अवैध निर्माण को नगर पालिका निगम की सिंप्लेक्स गैंग एवं पोकलेन व जेसीबी मशीन के माध्यम से हटाया गया। तीन फ्लैट पर कुल 12 मकान बने हुए थे जिनमें से कइयों पर होटल चल रही थी। कलेक्टर रोशन सिंह एवं पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा के मार्गदर्शन में सम्पूर्ण कार्रवाई के दौरान उज्जैन विकास प्राधिकरण के सीईओ संदीप सोनी, कार्यपालन अधिकारी हिमांशु भटनागर, अपर आयुक्त, कार्यालय आयुक्त एएसएमएस, श्यामनारायण गुप्ता, एसडीएम पवन बारिया, तहसीलदार जीवनलाल मोघे, विधि अधिकारी मनीष जोशी, कार्यालय इंजीनियर कुदनलाल रघुवंशी, सीएसपी राहुल देशमुख, थाना प्रभारी महाकाल थाना गगन बादल, निरीक्षक तथा अन्य थानों का बल आदि उपस्थित रहे।



### 26, 48, 63 पर हुई कार्रवाई-आवास के लिए दी थी जमीन

बुधवार सुबह 8 बजे से जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन, नगर निगम एवं उज्जैन विकास प्राधिकरण द्वारा संयुक्त कार्रवाई के प्राधिकरण की हरिफाटक आवासीय योजना अन्तर्गत भूखण्ड क्रमांक 26, 48, एवं भूखण्ड क्रमांक 63 पर बने कुल 16 अवैध निर्मित मकानों को हटाने की कार्रवाई की गई। उक्त भूखण्डों का क्षेत्रफल लगभग 10, 454 वर्गफीट है। यह भूमि पूर्व आवासीय उद्देश्यों के लिये लीज पर भूखण्ड आवंटित किया गया था। उक्त भूखण्ड पर विगत कई वर्षों से स्वीकृतियों द्वारा लीज की शर्तों का उल्लंघन करते हुए स्वीकृत उपयोग के स्थान पर व्यवसायिक उपयोग किया जा रहा था। भूखण्डों का निर्माण विकास प्राधिकरण की सहमति के बगैर किया गया, भूखण्ड की मियादें भी समाप्त हो चुकी थीं। इसको लेकर नोटिस भी दिए जा चुके थे। उक्त लीज निरस्ती के उपरांत अब तक कुल 14 भूखण्डों पर बने अवैध, अतिक्रमण भवनों का तोड़ना हो चुका है। आज भूखण्ड क्रमांक 26, भूखण्ड क्रमांक 48, एवं भूखण्ड क्रमांक 63 के अवैध कब्जों को हटाने हेतु उज्जैन विकास प्राधिकरण द्वारा धारा 248 के अंतर्गत आदेश पारित किया गया था।

# मक्सीरोड पर बोलेरो और बाइक में भिड़ंत, 1 की मौत

**उज्जैन। मक्सी रोड पर बुधवार सुबह बोलेरो और बाइक के बीच भिड़ंत हो गई। दुर्घटना में बाइक चालक की मौके पर मौत हो गई। उसके साथ लिफ्ट लेकर बैठा युवक गंभीर रूप से घायल हुआ है। पुलिस ने मामले में मार्ग कम कर मृतक का पोस्टमार्टम कराया और दुर्घटना स्थल से बोलेरो को जप्त कर लिया।**

नानाखेड़ा स्थित संत कबीर नगर में रहने वाला सुनील पिता कैलाश उपाध्याय 42 वर्ष ग्राम काठ बड़ोदिया स्थित बिजली विभाग में कंप्यूटर ऑपरेटर था। प्रतिदिन बाइक से अप डाउन करता था। सुबह ड्यूटी जाने के लिए घर से निकला था इसी दौरान रास्ते में कायथा का रहने वाला अब्दुल कादिर मिला उसने सुनील से लिफ्ट मांगी और दोनों तराना के लिए रवाना हो गए। ताजपुर चौपाटी के समीप पहुंचते ही सामने से तेज गति में आ रही बोलेरो ने बाइक को टक्कर मार दी। दुर्घटना में सुनील और अब्दुल कादिर गंभीर रूप से घायल हो गए तत्काल उन्हें लोगों की मदद से चरक अस्पताल लाया गया। डॉक्टर ने परीक्षण के बाद सुनील को मृत घोषित कर दिया। लिफ्ट लेकर बैठे अब्दुल कादिर को उपचार के लिए भर्ती किया गया है। सुनील के पास मिले दस्तावेजों से उसकी पहचान होने पर परिजनों को सूचना दी गई। मामले में पंवासा थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर सुनील का पोस्टमार्टम कराया। परिजनों ने बताया कि सुबह 8 बजे घर से निकला था। सुनील एक बच्ची का पिता था। बताया जा रहा है कि पुलिस ने बोलेरो जप्त कर ली है चालक दुर्घटना के बाद भाग निकला था जिसकी तलाश की जा रही है। मक्सी रोड पर पिछले कुछ महीनों से लगातार सड़क दुर्घटना के मामले सामने आ रहे हैं जिसमें दो से तीन लोगों की जान भी जा चुकी है। इस मार्ग पर यातायात संकेतक नहीं होने और पुलिस कर्मियों की गैर मौजूदगी के चलते वाहन चालक बेखोफ रफ्तार से वाहन दौड़ आते हैं। इस मार्ग पर डंपर चालकों का भी आतंक बना हुआ है।

### नौकरी का झांसा देकर बैंक खातों का दुरुपयोग करने वाला गिरफ्तार

उज्जैन। युवक को नौकरी का झांसा देकर तीन बैंक खाता खुलवाकर दुरुपयोग करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी ने युवक के खाते में कुछ दिनों में ही 8 से 10 लाख का ट्रांजैक्शन कर कर राशि निकाली थी। माधव नगर थाना प्रभारी राकेश भारती ने बताया कि चिंतामण स्थित ग्राम टकवासा में रहने वाले गौरीशंकर पिता शिवनारायण पटेल 32 वर्ष रिपोर्ट दर्ज कराई की कि इमरान उर्फ मनीष शर्मा ने स्वयं को मनीष शर्मा नाम से परिचय देते हुए उसे कलेक्शन एजेंसी में नौकरी दिलाने का झांसा दिया। आरोपी ने षड्यंत्रपूर्वक विश्वास में लेकर आईडीएफसी, इंडसइंड व आईसीआईसीआई बैंकों में खाते खुलवाए तथा उनके एटीएम कार्ड और पिन नंबर अपने कब्जे में लेकर खातों में अज्ञात स्रोतों से धनराशि डलवाकर फर्जी लेन-देन करने लगा। शंका होने पर मनीष शर्मा से पूछताछ की गई तो वह 20 हजार रुपए महीना सैलरी देने की बात कहने लगा। उसने कुछ दिनों में ही खाते में 8 से 10 लाख का ट्रांजैक्शन कर एटीएम व यूपीआई के माध्यम से राशि निकाल ली है, उसके द्वारा मेरे खातों का दुरुपयोग किया जा रहा है। शिकायत के बाद मामला दर्ज किया गया और मनीष उर्फ इमरान की तलाश शुरू की गई। बुधवार को जानकारी मिली थी मनीष इंदौर से उज्जैन आ रहा है पुलिस ने नानाखेड़ा क्षेत्र में घेराबंदी कर इंदौर से आ रही बस में सवार मनीष को गिरफ्तार कर लिया। प्रारंभिक पूछताछ में उसका नाम मोहम्मद इमरान उर्फ मनीष शर्मा उम्र 32 वर्ष निवासी कोटड़ी जमाल चौक, गोवर्धनपुरा, कोटा (राजस्थान) सामने आया है। फिलहाल पूछताछ की जा रही है गुरुवार को न्यायालय में पेश कर रिमांड पर लिया जाएगा। उसके पास से मोबाइल फोन, 5 सिम कार्ड, 1 मेमोरी कार्ड, 9 विभिन्न बैंकों के एटीएम कार्ड अन्य दस्तावेज जिनमें बैंक डिटेल्स एवं फर्जी आईडी जप्त की गई है।

# हिरासत में आए मकान में चोरी करने वाले आरोपी, माल बरामद

**उज्जैन। 14 दिनों से सूने पड़े मकान में चोरी करने वाले बदमाश को दो नाबालिगों के साथ पुलिस ने हिरासत में लिया है। चोरी का सरगना हिस्ट्रीशीटर बदमाश है जिसके खिलाफ 20 से अधिक अपराध दर्ज हैं।**

नीलगंगा थाना पुलिस ने बताया कि संजय नगर में रहने वाली तेजूबाई धानक पति और पुत्र के जेल जाने के बाद 17 अक्टूबर को अपने मायके चली गई थी। पति और पुत्र को पुलिस ने हत्या के मामले में गिरफ्तार किया था। 31 अक्टूबर को तेजूबाई वापस लौटी तो मकान का ताला टूटा मिला। घर में हुई चोरी की सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। सीसीटीवी कैमरे भी देखे गए लेकिन कुछ स्पष्ट नहीं हो पाया। मुखबीर तंत्र को अलर्ट करने पर पता चला कि चोरी में क्षेत्र का ही रहने वाला हिस्ट्रीशीटर बदमाश कुणाल उर्फ प्रिंस सौदे शामिल हो सकता है। पुलिस ने तलाश शुरू की तो वह फरार होना सामने आया। मंगलवार रात सूचना मिली कि कुणाल तीन बत्ती चौराहा पर घूम रहा है। तत्काल ही पुलिस में उसे घेराबंदी कर हिरासत में लिया और पूछताछ शुरू की तो उसने अपने दो नाबालिगों के साथ मिलकर चोरी करना कबूल कर लिया। रात में ही पुलिस ने दोनों नाबालिगो को हिरासत में लिया और उनकी निशान देही पर चोरी किए गए चांदी के चार कड़े और 1000 नगद बरामद कर लिए। पूछताछ में तीनों ने चोरी के 6000 रुपए खर्च करना कबूल किया। आभूषण बरामद होने पर पुलिस ने तीनों के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज कर बुधवार दोपहर को न्यायालय में पेश किया जहां से चोरी के मुख्य सरगना कुणाल को जेल भेजा गया है। दोनों नाबालिगों को बाल संप्रेषण गृह में दाखिल कराया गया है। पुलिस के अनुसार कुणाल के खिलाफ पूर्व में भी 22 से 23 अपराध दर्ज है उसके खिलाफ पूर्व में प्रतिबंधात्मक कार्रवाई भी की जा चुकी है।

## गंदगी करने एवं भवन निर्माण सामग्री सड़क तक रखने पर संबंधितों पर निगम ने किया 50 हजार का जुर्माना किया

**उज्जैन।** बुधवार को नगर निगम स्वास्थ्य विभाग अमले द्वारा निरीक्षण के दौरान गंदगी करते पाए जाने, कचरा सड़क पर फैलाने एवं भवन निर्माण सामग्री सड़क तक रखने पर सर्व संबंधितों पर जुर्माने की कार्रवाई निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा के निर्देश अनुसार की गई। जिसके क्रम में वेदनगर कार गेराज पर कारों के नीचे भारी मात्रा में कचरा पाए जाने पर श्याम सिंह आंजना पर 10 हजार का जुर्माना, महाकाल वाणिज्य केंद्र स्थित दुकान के बाहर गंदगी करने एवं कचरा सड़क पर फैला पाए जाने पर विष्णु माहेश्वरी पर 10 हजार का जुर्माना, महाकाल वाणिज्य केंद्र स्थित खुले प्लाट पर कचरा फेंकने पर अमृतलाल पाटीदार पर 10 हजार का जुर्माना, वार्ड क्रमांक 49 होटल उज्जैन प्राइड द्वारा कचरे का ढेर लगाना एवं प्लास्टिक की बोतल का उपयोग करते पाए जाने पर रितेश कुमार जायसवाल पर 10 हजार का जुर्माना, इसी के साथ बिल्डिंग मटेरियल सड़क पर पाए जाने जिसके कारण मार्ग अवरुद्ध हो रहा था। जिस पर 10 हजार के जुर्माने की कार्रवाई की गई। साथ ही सुलभ शौचालय पर गंदगी मिलने पर 1000 का जुर्माना किया गया। उक्त कार्रवाई स्वास्थ्य अधिकारी आनंद विजय सिंह राठौर, कालूराम सोलंकी, कार्यपालन यंत्री लक्ष्मण प्रसाद साहू, उपयंत्री मुकुल मेश्राम, स्वच्छता निरीक्षक अजय दावरे, मुकेश भाटी द्वारा की गई।

# भाजपा नगर की मतदाता सूची गहन पुनरीक्षण संबंधी कार्यशाला संपन्न




**उज्जैन।** भारतीय जनता पार्टी उज्जैन नगर द्वारा मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर उज्जैन उत्तर व दक्षिण विधानसभा की कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला को विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा, निगम सभापति कलावती यादव ने कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था के सुदृढ़ संचालन के लिए जागरूक और जिम्मेदार मतदाता अत्यंत आवश्यक हैं। उनकी सक्रिय भागीदारी से ही सही और सक्षम सरकार का गठन संभव हो पाता है तथा देश की नीतियां जनता की आकांक्षाओं के अनुरूप बनती हैं। जब प्रत्येक नागरिक अपने मताधिकार का प्रयोग ईमानदारी, समझदारी और राष्ट्रहित की भावना से करते हैं, तभी लोकतंत्र मजबूत और सशक्त बनता है। यदि मतदाता सूची में घुसपैठिए या अवांछित नाम शामिल होकर मतदान करते हैं, तो लोकतंत्र की नींव कमजोर पड़ती है। इसी उद्देश्य से निर्वाचन आयोग द्वारा विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया संचालित की जा रही है, ताकि मतदाता सूची को शुद्ध, पारदर्शी और त्रुटिरहित बनाया जा सके। भाजपा नगर अध्यक्ष संजय अग्रवाल ने कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा कि एसआईआर की प्रक्रिया भले ही निर्वाचन आयोग के स्तर पर चल रही हो, किंतु यह संगठन के लिए भी महत्वपूर्ण विषय है। इस कार्य में संगठन के सभी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को पूरी तत्परता, सक्रियता और समन्वय के साथ जुटना होगा। उन्होंने कहा कि सामूहिक प्रयासों और संगठनात्मक एकजुटता से हम केन्द्रीय व प्रदेश नेतृत्व की अपेक्षाओं पर खरे उतरेंगे और लोकतांत्रिक प्रक्रिया को और अधिक सशक्त बना पाएंगे इसलिए एसआईआर में वैध मतदाताओं को उनका अधिकार दिलाने कार्यकर्ता मैदान में जुट जाएं। उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग ने एसआईआर का उद्देश्य बताते हुए कहा है कि जिस व्यक्ति को मतदाता बनना चाहिए, वह छूट न जाए और जिस व्यक्ति को मतदाता नहीं बनना चाहिए, वह सूची में शामिल न हो जाए।

मीडिया प्रभारी दिनेश जाटवा के अनुसार भाजपा नगर द्वारा मंडल स्तर पर प्रभारी बनाए गए है इसके बाद एसआईआर से संबंधित कार्यकर्ताओं का प्रशिक्षण भी होगा। चूंकि एसआईआर का काम बूथ स्तर पर होना है, इसलिए इसमे कार्यकर्ताओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होगी। इस हेतु जिला प्रभारी आनन्दसिंह खींची को बनाया गया है वहीं उत्तर विधानसभा प्रभारी जगदीश पांचाल, दक्षिण विधानसभा प्रभारी कमल बैरवा को बनाया गया है।

**दीपदान का पर्व** | दिनभर चला पूजन-पाठ व दान-पुण्य का सिलसिला, शाम को दीपदान

# उज्जैन में कार्तिक पूर्णिमा पर पर्व स्नान हजारों श्रद्धालुओं ने लगाई डुबकी

नवभारत न्यूज

**उज्जैन। उज्जैन में बुधवार को कार्तिक पूर्णिमा पर शिप्रा में हजारों श्रद्धालुओं ने पर्व स्नान किया। रामघाट व दत्त अखाड़ा घाट पर सुबह से श्रद्धालु उमड़ना शुरू हुए। श्रद्धालुओं ने यहां स्नान व दान कर पुण्य लाभ अर्जित किया।**





देशभर से हजारों श्रद्धालु पूर्णिमा पर उज्जैन में पूजा-पाठ के लिए पहुंचे। दिनभर धर्म-कर्म का सिलसिला चलता रहा वहीं शाम को हजारों लोगों ने शिप्रा में दीप दान भी किया। उज्जैन में कार्तिक की पूर्णिमा का विशेष महत्व है। इसलिए देव दिवाली मनाने के लिए हजारों लोग यहां उमड़ते हैं। शिप्रा के रामघाट पर सुबह लोगों ने पितरों की शांति के लिए पंडितों से पूजन भी करवाए। कार्तिक पूर्णिमा पर शिप्रा के घाटों पर पूजन, स्नान व दीपदान के लिए हजारों लोगों की भीड़ को ध्यान में रखते हुए प्रशासन ने अधिकारियों की ड्यूटी लगाई है। वहीं पुलिस प्रशासन ने भी सुरक्षा के लिए अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है। साथ ही नदी में नहान के दौरान कोई हादसा न हो इससे निपटने के लिए तैराक व होमगार्ड के जवान तैनात किए गए है। घाटों पर माइक से लगातार घोषणाएं की जा रही हैं। श्रद्धालुओं को गहरे पानी में जाने से रोका गया।

### शिप्रा तट स्थित गुरुद्वारे में उत्सव

गुरु नानक देव जी के 556 वें प्रकाश पर्व पर उज्जैन के शिप्रा तट स्थित गुरुद्वारा श्री गुरु नानक घाट पर धार्मिक कार्यक्रम किए गए। कार्तिक पूर्णिमा पर्व पर कीर्तन, अखंड साहिब का पाठ और अटूट लंगर हुआ जिसमें समाजजनों ने प्रसादी ग्रहण की। रात्रि में दीप जलाए गए व भव्य आतिशबाजी भी की गई। गुरुद्वारा में फूलों की सजावट की गई तो घाट को विद्युत रोशनी से सजाया गया। गुरुद्वारे में रेह रास साहिब का पाठ किया गया। हजूरी रागी द्वारा देर रात तक कीर्तन दीवान सजाया। जिसमें बड़ी संख्या में सिख समाज के लोग उमड़े।


### नाम व जन्मतिथि परिवर्तन

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं संतोषसिंह पिता स्व.शेरसिंह चंद्रावत निवासी वार्ड नंबर 01 मकान नंबर 20, जूनियर एमआईजी हाउसिंग बोर्ड कालोनी, स्टेशन रोड खाचरौद जिला उज्जैन (म.प्र.) का होकर रिटायर्ड हवलदार नंबर 2983496Y संतोषसिंह, मेरी पत्नी जीवन देवी की जन्मतिथि 10/12/1966. मेरी आर्मी के रिकार्ड की सर्विस बुक में दर्ज है जो कि गलत है यह कि मेरी पत्नी जीवन देवी का वास्तविक नाम जीवन चंद्रावत है व जन्मतिथि 07/12/1965 है जो कि मेरी पत्नी के पेन कार्ड, आधार कार्ड में दर्ज है जो कि सत्य व सही है। यह कि भविष्य में मेरी पत्नी जीवन चंद्रावत की जन्मतिथि 07/12/1965 से जाना पहचाना जाएगा व लिखा जाएगा। सर्व साधारण सूचित हो।

इति दिनांक 06/11/2025

प्रेषक
संतोषसिंह चंद्रावत
निवासी म.न.20, जूनियर एम आई जी हाउसिंग बोर्ड कालोनी, स्टेशन रोड खाचरौद जिला उज्जैन (म.प्र.)